।। डी. पी. एस. दुर्ग में प्राथमिक विभाग का उन्नीसवाँ वार्षिकोत्सव सम्पन्न ।।

दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में दिनांक 06.02.2024 को विद्यालय के प्राथमिक विभाग का उन्नीसवाँ वार्षिकोत्सव बड़े ही उमंग व उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अमीत घोष (सहायक संचालक, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा विभाग दुर्ग) थे।

अतिथियों के औपचारिक स्वागत के पश्चात् प्राचार्य श्री यशपाल शर्मा जी की अगुवाई में मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य श्री यशपाल शर्मा ने अपने स्वागत वक्तव्य में सम्माननीय अतिथि का सम्पूर्ण परिचय दिया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों ने विघ्न विनाशक गणपति' की स्तुति की शानदार प्रस्तुति दी।

शाला की विशेषतानुसार कार्यक्रम का विषय था- ''अभिव्यक्ति'' कार्यक्रम में एक्शन डांस (बीग वेव) कविता-अभिव्यक्ति, नृत्य नाटिका ''आगाज़ मेरी अनुभूतियों का ''अभिव्यक्ति'' का बेहतरीन मंचन किया । 'अनेकता में एकता' भारत की विशेषता को फ्यूजन डांस द्वारा प्रस्तुत किया गया। 'मेलोडियस सिम्फेनी' ने मधुर संगीत की प्रस्तुति से दर्शकों का मनमोह लिया वहीं पाश्चात्य संगीत 'रिदम रम्बल' ने बच्चों के साथ दर्शकों को भी थिरकने के लिए मजबूर किया।

मुख्य अतिथि श्री अमित घोष जी ने अपने वक्तव्य में कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों के साथ समय बिताने से उम्र बढ़ जाती है वहीं उन्होंने पालकों से अनुरोध किया कि अपने बच्चों पर अपने विचार न थोपें, उन्हें अपनी खुबियों के साथ स्वयं की पहचान बनाने दें । उन्होंने स्कूल के पुरस्कृत व कलाकर बच्चों को बधाई दी एवं जो कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके उन विद्यार्थियों को भी प्रेरित करते हुए कहा कि वे भी भविष्य में पुरस्कृत अवश्य होगें।

अंत में प्राथमिक विभाग की समन्वयिका श्रीमती सपना चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया एवं कार्यक्रम राष्ट्रीय गान के साथ- सम्पन्न हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम का सफलता पूर्वक संचालन श्रीमती संगीता शाजी (एक्टीविटी इंचार्ज) व श्रीमती श्रद्धा कश्यप (इंचार्ज म्यूजिक) ने किया। कार्यक्रम का मंच पर संचालन, शाला के विद्यार्थियों - बी. गीतिशा, उत्सव जैन, खनक जैन, इशान शर्मा, सदीका सरहोत्रा, आर्यन गुप्ता, शशांक पाण्डे, ज़यान खान, कनिष्क मिश्रा और रेयांश सिंग ने किया।